प्रेस नोट

जनपद-भदोही

दिनांक-11.09.2026

## यूपी-112 पुलिसकर्मियों की त्वरित कार्रवाई से गहरे गड्ढे में गिरी भैंस को सकुशल बाहर निकालकर बचाई गई जान

दिनांक 10.09.2026 की रात्रि करीब 23:14 बजे थाना औराई क्षेत्रांतर्गत ग्राम बासदेवपुर निवासी राकेश बिन्द द्वारा यूपी-112 पर सूचना दी गई कि उनकी भैंस गहरे गड्ढे/सैप्टिक टैंक में गिर गई है।

सूचना प्राप्त होते ही ड्यूटीरत यूपी-112 पीआरवी कर्मी तत्काल मौके पर पहुंचे तथा स्थानीय ग्रामीणों एवं फायर सर्विस टीम के सहयोग से राहत एवं बचाव कार्य प्रारम्भ किया गया।पुलिसकर्मियों एवं फायर सर्विस टीम के अथक प्रयास से भैंस को गहरे गड्ढे से सकुशल बाहर निकाल लिया गया, जिससे उसकी जान बचाई जा सकी। यूपी-112 कर्मियों की त्वरित, मानवीय एवं संवेदनशील कार्रवाई की स्थानीय ग्रामीणों द्वारा सराहना की गई।

सराहनीय कार्य करने वाले पुलिसकर्मी:

1.मु०आरक्षी दीपचन्द्र यादव

2.का० स्वतंत्र कुमार

3.होमगार्ड चालक चौधरी यादव